अजमेर में सुतली बम के धमाके से स्टील का गिलास टूटा, चार बच्चे घायल

पटाखे जलाने के दौरान एक बच्चे ने सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रख दिया था

अजमेर, (निसं)। दीपावली पर पटाखे जलाने के दौरान लापरवाही बच्चों के लिए जानलेवा साबित होते-होते बची। अलवर गेट थाना क्षेत्र में सुतली बम फोड़ने के दौरान हुए तेज धमाके से उसके ऊपर रखा स्टील का गिलास टूटकर बिखर गया। गिलास के नुकीले टुकड़े आसपास खड़े बच्चों को जा लगे। हादसे में चार बच्चे घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को परिजन तत्काल जवाहरलाल नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया।

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी में बच्चे एक साथ पटाखे जला रहे थे। इसी दौरान एक बच्चे ने सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रख दिया।

■ **घायल प्रज्ञा के लगे 5-6 टांके, दिशांत के पेट में फंसा गिलास का टुकड़ा, अस्पताल में भर्ती, अलवर गेट थाना पुलिस जेएलएन अस्पताल पहुंची**

बम में आग लगाने के बाद वह बच्चा पीछे की ओर भाग गया, जबकि अन्य बच्चे पटाखे के आसपास ही खड़े रहे। कुछ ही देर में जोरदार धमाका हुआ और स्टील का गिलास टूटकर उसके टुकड़े आसपास खड़े बच्चों को जा लगे। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में प्रज्ञा (10) पुत्री हेमराज, दिशांत (8) पुत्र नीरज के अलावा जतिन और कबीर भी घायल हो गए। इनमें प्रज्ञा और दिशांत को गंभीर चोटें आईं। प्रज्ञा के शरीर पर गहरा कट लगने के कारण चिकित्सकों ने पांच से छह टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, दिशांत के पेट में स्टील के गिलास का करीब एक से डेढ़ सेंटीमीटर का टुकड़ा घुस गया, जिससे उसके पेट में गहरा घाव हो गया। परिजन उसे तत्काल जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ऑपरेशन थिएटर में भर्ती कर उपचार शुरू किया। फिलहाल उसका ऑपरेशन किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

28 नवंबर को है दिशांत का जन्मदिन :- हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दिशांत के परिवार में घटना के बाद से चिंता का माहौल है। परिजनों ने बताया कि दिशांत का जन्मदिन आगामी 28 नवंबर को है, लेकिन पटाखे जलाने के दौरान हुए हादसे ने परिवार की खुशियों को चिंता में बदल दिया।

सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस :- घटना की जानकारी मिलने पर अलवर गेट थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ पुलिस जाब्ते के साथ जेएलएन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर हादसे के संबंध में जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ ने बताया कि पटाखे जलाने के दौरान करीब तीन से चार बच्चों को चोटें आई थीं। इनमें दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दिशांत को अधिक चोट लगी है और अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

घायल बच्ची प्रज्ञा ने बताया कि कॉलोनी के सभी बच्चे एक साथ पटाखे जला रहे थे। इसी दौरान एक दोस्त ने सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। बम में आग लगाने के बाद वह दोस्त अचानक पीछे की तरफ भाग गया, जबकि बाकी बच्चे पटाखे के पास ही खड़े थे। कुछ ही देर में तेज धमाके के साथ बम फट गया और स्टील का गिलास टूट कर उसके टुकड़े बच्चों को जा लगे। इस हादसे में चार बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद परिजन बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे।

खेलते-खेलते बालकनी से गिरे मासूम बालक की मौत

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में शुक्रवार रात्रि धनतेरस पर एक ढाई साल के मासूम की एक मंजिल से गिरने से मौत होने का मामला सामने आया है। मामले में सामने आया कि बच्चा घर पर खेल रहा था, जबकि मां दिवाली से जुड़े काम कर रही थी। इस दौरान मासूम बालकनी की रेलिंग पर चढ़ गया और नीचे गिरने से गंभीर घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार महावीर नगर इलाके के निवासी एडवोकेट हर्षित गौतम का ढाई साल का बेटा घर पर

■ **मां दिवाली से जुड़े काम कर रही थी, इस दौरान मासूम बालकनी की रेलिंग पर चढ़ गया और नीचे गिर गया**

बालकनी में खेल रहा था, बच्चे की मां घर पर दीपक जला रही थी कि अचानक से बच्चा बालकनी की रेलिंग पर चढ़ गया और जब तक उसकी मां उसे संभालती बेटा नीचे गिर गया। बच्चे के गिरने और रोने की आवाज सुनकर मां और अन्य परिजन दौड़े। बच्चे को तत्काल कॉमर्स कॉलेज चौराहे स्थित निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात्रि को मासूम ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

महावीर नगर थाना अधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया कि घर में ही हादसा हुआ था, इसके बाद निजी अस्पताल में मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे, इसलिए शव को बिना पोस्टमार्टम के सुपुर्द किया है।

जोधपुर में कपड़े की दुकान का शटर तोड़कर 7.35 लाख की चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के भीतरी क्षेत्र त्रिपोलिया बाजार में एक कपड़े की दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के शटर का ताला तोड़कर प्रवेश कर वहां गल्ले से 7.35 लाख की नगदी चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध नजर आए है। पुलिस इसकी अब पहचान के साथ तलाश में जुटी है। फिलहाल अग्रिम जांच की जा रही है।

सदर बाजार थानाधिकारी मांगीलाल विश्रोई ने बताया कि मालियों का राजबाग सूरसागर निवासी राजेश पुत्र हरिश कुमार सिंधी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी राजपूती पौशाक कपड़े की दुकान त्रिपोलिया बाजार राजपूताना पैसेस में गोरिंदा

■ **सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध नजर आए, पुलिस तलाश में जुटी**

बावड़ी पर आई है। 29 अक्टूबर को उसकी दुकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। दुकान के गल्ले में रखे 7.35 लाख रूपए चोर ले गए। पुलिस ने बताया कि घटना के दस दिन बाद शुक्रवार को पीड़ित की तरफ से केस दर्ज कराया गया है।

थानाधिकारी माणकराम ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक पर चार संदिग्ध नजर आए थे। सुबह के समय पौने आठ बजे के आसपास संदिग्ध बाइक पर जाते भी दिखे हैं। गश्त करते निकली पुलिस ने दुकान का शटर खुला देखा था और पीड़ित को कॉल कर बुलाया गया था। संदिग्ध दोनों बाइक की तलाश में पुलिस की टीमें बनाड़ तक भेजी गई थी। पुलिस ने संदिग्ध बाइकों को ट्रैस करने का प्रयास भी किया था, मगर वे काफी दूर तक निकल गए थे। चोरी में कुल चार लोगों का हाथ था। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज किया है। चोरों के पकड़े जाने पर ही सही रकम का पता लग पाएगा कि दुकान से कितना केश चोरी हुआ है।

हरियाणा में युवक की गोली मारकर हत्या कर शव फेंका, मामला दर्ज

सादुलपुर, (निसं)। तहसील के गांव सूरतपुरा की रोही में स्थित नीमवाला जोहड़ में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान हरियाणा के भिवानी जिले की सिवानी तहसील के गांव विदवान निवासी अनिल उर्फ मोलड़ के रूप में हुई है। युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मृतक के भाई सुनील पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव विदवान, तहसील सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 6 नवंबर को शाम करीब 5:30 बजे उसके भाई अनिल उर्फ मोलड़ को दो युवक बलेनो कार में बैठाकर घर से लेकर गए थे। परिवादी ने दोनों युवकों के नाम मोनू निवासी रोडा, तहसील तोशाम तथा काला पिलानिया निवासी घंघाला, तहसील सिवानी बताए हैं। दर्ज मामले में बताया कि घर से जाने के बाद रातभर अनिल का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने कई बार उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल फोन बंद मिला। परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान 7 नवंबर को सुबह करीब 11:30 बजे व्हाट्सऐप के माध्यम से गांव के एक परिचित व्यक्ति से सूचना मिली कि अनिल की मौत हो गई है तथा उसका शव सादुलपुर थाना क्षेत्र के सूरतपुरा गांव की रोही स्थित नीमवाला जोहड़ में मिला है। दर्ज मामले में मृतक के पास नकदी और दो मोबाइल फोन होने का भी उल्लेख किया गया है। परिवादी ने अपने भाई की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। शहर के सलूस रोड पर चारभुजा के गजसिंहजी की भागल निवासी सुरेंद्रसिंह उर्फ सुरेशसिंह सोलंकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार

■ **मोहिद गैंग के दो आरोपी लगड़ाते हुए कोर्ट में पेश**

मोहिद गैंग के सदस्य इकलाश खान व दिलसाद को राजनगर थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत में पेश के दौरान दोनों आरोपी लगड़ाते हुए चल रहे थे। पुलिस के पकड़ने के दौरान भागने की कोशिश की, जिससे वे बुरी तरह से चोटिल भी हो गए। न्यायालय द्वारा दोनों ही आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर रखने के आदेश हुए। पुलिस गिरफ्तारी के दौरान भागने पर आरोपी भी चोटिल हो गए, जो अदालत में पेश होने के दौरान बड़ी मुश्किल से चल पा रहे थे। एक आरोपी के पैर में प्लास्टार बंधा था। राजनगर थाना प्रभारी औंकारसिंह ने बताया कि सेवाली निवासी सुरेंद्रसिंह राव घायल होकर ठीक है, जबकि फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही है। इसमें मुख्य आरोपी मोहिद, फुग्गा व आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी पुलिस की रडार पर है।

ई चालान का लिंक भेजकर खाते से 4.73 लाख रूपए उड़ाये

शातिर ने मोबाइल हैक कर 12 बार में ट्रांजेक्शन किया, केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर के चैनपुरा बावड़ी, मंडोर एरिया में रहने वाले एक व्यक्ति को किसी शातिर ने ई चालान का फर्जी लिंक भेज कर उसके खाते से 4 लाख 73 हजार रूपए साफ कर दिए। पीड़ित के खाते से रकम 12 बार में निकाली गई।

संदेह है लिंक क्लिक किए जाने पर उसके मोबाइल का एक्सेस शातिर ने हासिल कर हैककर दिया। उसके बाद खाते से रकम को निकाला गया। घटना 3 नवंबर की है। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दी, जिस पर अब मंडोर थाना पुलिस ने फ्रॉड का केस दर्ज किया है।

मंडोर पुलिस ने बताया कि पीपली गली चैनपुरा बावड़ी निवासी हर्षित पुत्र हनुमान प्रसाद माहेश्वरी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 3 नवंबर को उसके मोबाइल पर किसी शख्स ने ई चालान को लेकर लिंक भेजा था। जिस पर उसने क्लिक किया। बाद में उसका फोन अचानक से काम करना बंद कर दिया। उसके बैंक एकाउंट से शातिर ने 4 लाख 73 हजार रूपए निकाल लिए। उसके बैंक खाते से उक्त रकम 12 बार में निकाली गई। पुलिस ने बताया कि संभवत : शातिर ने मोबाइल का एक्सेस लेकर यह वारदात की है। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत को डाला है। इस पर अब मंडोर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

बिछीवाड़ा के जंगल में लड़की का शव मिला

तीन नवंबर को घर से निकली थी, पिता ने जांच की मांग की

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के जंगल में 14 वर्षीय लड़की का शव मिला। वह उदयपुर जिले की रहने वाली थी। उसके परिजनों ने पुलिस से मौत की जांच और कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार लड़की के पिता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी 3 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे शौच के लिए घर से

■ **तीन नवंबर की सुबह करीब 8 बजे शौच के लिए घर से निकली थी**

निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। शाम करीब 4 बजे परिजनों को सूचना मिली कि गांव के जंगल में खाखरे के पेड़ पर एक शव मिला है। पिता और परिवार के अन्य सदस्य बिछीवाड़ा सरकारी अस्पताल पहुंचे। वहां उन्हें पता चला कि शव डूंगरपुर जनरल हॉस्पीटल में रखा गया है। पिता ने रिपोर्ट में बताया कि वे बेटी की मौत का कारण जानने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए पोस्टमॉर्टम में देरी हुई। उन्होंने पुलिस से मौत की जांच, पोस्टमॉर्टम और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीकर में 16 साल की नाबालिग लड़की लापता

सीकर, (निसं)। सीकर में एक 16 साल की नाबालिग लड़की देर रात से ही लापता है। परिवार ने युवक पर शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में युवक पर एक साल से परेशान करने का आरोपी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी तरफ साइबर ठगों ने एक युवक के बैंक अकाउंट से 1.85 लाख रुपए साइबर फ्रॉड कर निकाल लिए। पीड़ित को मैसेज आने पर ठगी का पता चला।

पहले मामले में 16 साल की नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ सीकर के एक कस्बे में रहते हैं। 5 नवंबर की रात को उनकी बेटी घर से लापता हो गई। जब उन्होंने अपने स्तर पर मालूम किया तो पता चला कि एक लड़का उसे अपने साथ लेकर चला गया। लड़का पिछले करीब एक साल से लड़की को लगातार परेशान कर रहा था। इस संबंध में

■ **परिवार ने युवक पर शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया, पुलिस ने मामले की जांच शुरु की**

लड़की के परिवार के द्वारा लड़के के पिता को भी कहा गया। तब उन्होंने कहा कि वह अपने बेटे को समझा देंगे। लेकिन इसके बावजूद भी वह लड़का लगातार लड़की को धमकता रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं सीकर में 36 साल के युवक से साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवक रामकिशन ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनके बैंक अकाउंट से 3 नवंबर की रात 2 बार में 1.85 लाख रुपए निकल गए। इसका पता उन्हें मैसेज आने पर चला।

भीलवाड़ा के कमला देवी कांकरिया हत्याकांड : पुलिस ने सीन रीक्रिएट किया

भीलवाड़ा, (निसं)। चंद रुपयों की खातिर इंसानियत का कत्ल किस हद तक गिर सकता है, इसकी बानगी भीलवाड़ा के कमला देवी कांकरिया हत्याकांड में देखने को मिली है। एक बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या और फिर उसके सबूत मिटाने के इस मामले में पुलिस की तफ्तीश अब ऐसे खुलासों तक पहुंच चुकी है, जो रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। शनिवार को भीमगंज पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर के चौथे और अंतिम आरोपी-मुख्य आरोपी रवि तापड़िया के भतीजे रघुवीर उर्फ कालू तापड़िया को साथ लेकर ऐसे-ऐसे राज उगलवाए, जिन्हें सुनकर हर कोई सन्न रह गया। पुलिस ने सुभाष नगर थाना क्षेत्र के उस मकान की छत पर पूरी वारदात का खौफनाक सीन रीक्रिएट किया, जहां 12 अक्टूबर की रात इस वीभत्स कांड को अंजाम दिया गया था।

जानकारी के अनुसार शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के अमरगढ़ के जंगलों से

■ **पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्या के ठीक अगले दिन मुख्य आरोपी चाचा रवि तापड़िया ने कालू को फोन किया था**

आधी रात को पुलिस की पकड़ में आए कालू तापड़िया ने पूछताछ में कई बातें बताई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्या के ठीक अगले दिन मुख्य आरोपी चाचा रवि तापड़िया ने कालू को फोन किया था। फोन पर घबराए हुए लहजे में कहा गया था- "जल्दी आजा, मुझसे बॉडी उठ नहीं रही है, इसे जलाना है।" : चाचा का इतना सुनना था कि कालू अपने साथी चूचा उर्फ आर्यन के साथ सीधा वारदात वाले मकान पर जा धमका। हालांकि, पूछताछ में कालू यह दलील देता नजर आया कि उसे कोई लालच नहीं दिया गया था, वह सिर्फ चाचा-भतीजे के रिश्ते के नाते वहां पहुंचा था। इसके बाद कृषि मंडी से लकड़ियों का इंतजाम किया गया। जांच में सामने आया कि देर रात बुजुर्ग कमला देवी के शव को घसीटते हुए मकान की छत पर ले जाया गया। वहां लकड़ियों का ढेर लगाकर उनकी लाश को आग के हवाले कर दिया गया। अगली सुबह जब आग ठंडी हुई, तो इन शातिर कातिलों ने जली हुई राख और हड्डियों के अवशेषों को समेटा और उन्हें कोठारी नदी में प्रवाहित कर दिया, ताकि सबूतों का नामोनिशान मिटाया जा सके। शनिवार को पुलिस टीम ने कालू की निशानदेही पर लकड़ियों की खरीद से लेकर छत पर लाश जलाने और नदी में अवशेष फेंकने तक के हर एक कदम की तस्दीक की।

पुलिस की अब तक की जांच में यह साफ हो चुका है कि यह पूरा खेल पैसों और कर्ज के दलदल से जुड़ा था। 12 अक्टूबर की रात रवि तापड़िया, बुजुर्ग कमला देवी को सुभाषनगर के इसी मकान पर लेकर गया था। रवि के दोस्त हीरा सिंधी पर भारी कर्ज था और उसे चुकाने के लिए पैसों की सख्त जरूरत थी। जब कमला देवी ने अपनी गाढ़ी कमाई या गहने देने से साफ इनकार कर दिया, तोशीताम में इन दरिंदों ने उनके हाथ-पांव बांध दिए, शरीर पर लदे गहने लूटे और फिर तकिए से मुंह-नाक दबाकर उनकी सांसें हमेशा के लिए रोक दीं।

इस हत्याकांड में मुख्य सूत्रधार रवि तापड़िया, हीरा सिंधी और चूचा उर्फ आर्यन की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। अब भतीजे कालू तापड़िया के पकड़े जाने के बाद पुलिस इस चक्रव्यूह के चारों आरोपियों तक पहुंच चुकी है। 10 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर चल रहे कालू से कड़ाई से पूछताछ जारी है। पुलिस का दावा है कि इस वारदात की हर एक कड़ी को जोड़ लिया गया है और अब पुख्ता सबूतों के आधार पर अदालत में मजबूत चार्जशीट पेश कर आरोपियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

परिवार की मौजूदगी में आधी रात बाद घर में घुसे चोर

जोधपुर, (निसं)। शहर के प्रतापनगर स्थित कमला नेहरू नगर द्वितीय विस्तार योजना में एक घर में रात दो से पांच बजे के बीच चोरी हो गई। परिवार के लोग एक कमरे में सो रहे थे। चोर दूसरे कमरे में दीवान से चांदी के एक किलो बर्तन इत्यादि चोरी कर ले गए। सुबह उठने का घटना का पता लगा। मामले को लेकर शुक्रवार को केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने मौका तफ्तीश के लिए अब एफएसएल टीम को वहां बुलाया है। प्रतापनगर थाने के एएसआई ओमाराम ने बताया कि कमला नेहरू नगर द्वितीय विस्तार योजना अरोड़ा पार्क के पास में हनुमान प्रसाद पुत्र नरसिंह सैन का घर आया है। परिवार के लोग घर पर ही मौजूद थे। 5-6 नवंबर की रात दो से पांच बजे के बीच अज्ञात चोर घर में घुसे और दीवान में एक थैले में रखे चांदी के सात बर्तन आदि चोरी कर ले गए।

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर (राज.)
कार्यालय - चक सकीतरा, कुम्हेर, जिला ड्रीग 321201,
Email- info@msbrijuniversity.ac.in, Website – www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :- मसूवृवि/लेखा/2026/1469 दिनांक :- 30/10/2026

निविदा सूचना संख्या : 10/2026-27

कुलगुरू महोदय की ओर से विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह के मद्देनजर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के अन्तर्गत निविदा नियमानुसार डिफेक्ट लाइबिलिटि अवधि के साथ उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार में उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट www.msbrijuniversity.ac.in पर देखा जा सकता हैं।

Sr.	Name of Work	Amount (in Lac)	UBN No.
1.	Wooden work, painting and repair work at Guest House Brij university Bharatpur	10.08	BUB2627WSOB00047

राज.संवाद/सी/26/13101 कुलसचिव

डूंगरपुर के गामडा ब्राह्मणिया गांव में 15 दिन से नजर आ रहा लैपर्ड

लैपर्ड ने बकरी का किया शिकार, ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने और पशुपालक को मुआवजा दिलाने की मांग की

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के गामडा ब्राह्मणिया गांव में पिछले 15 दिनों से लैपर्ड की लगातार गतिविधियों ने ग्रामीणों और पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार देर रात लैपर्ड ने खेत में एक बकरी का शिकार कर लिया। बकरी की आवाज सुनकर पशुपालकों ने शोर मचाया, तो लैपर्ड मारी हुई बकरी को छोडकर भाग गया। इससे पहले भी दो दिन पूर्व लैपर्ड के हमले में 2 से 3 बकरियां मारी गई थीं। लगातार हो रही घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर लैपर्ड को पकडने और पशुपालक को नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गामडा ब्राह्मणिया गांव में दशरथसिंह चौहान के खेतों में जालोर जिले के रेबारी ओबाराम पुत्र वजाजी रेबारी करीब

■ **लगातार लैपर्ड की मौजूदगी और पशुओं पर हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है, ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में काम करने और पशुओं की रखवाली करने में भी खतरा बना हुआ है**

2,500 भेड़-बकरियों के साथ डेरा डालकर रह रहे हैं। शुक्रवार रात लैपर्ड एक बकरी को उठाकर ले जाने लगा। बकरी की आवाज सुनकर ओबाराम और उनके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों की आवाज सुनकर लैपर्ड मारी हुई बकरी को वहीं छोडकर भाग गया। ओबाराम ने बताया कि दो दिन पहले भी लैपर्ड ने हमला कर उनकी 2 से 3 बकरियों को मार दिया था। लगातार हो रहे हमलों से पशुधन को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का मुआवजा देने और वन विभाग से पिंजरे लगाकर लैपर्ड को पकड़ने की मांग की है। गांव में लैपर्ड की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर नवनिर्वाचित पंचायत बोर्ड के सरपंच, उपसरपंच और वार्डपंच सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

उपसरपंच चंदनसिंह चौहान ने बताया कि गांव में पिछले एक महीने से जंगली जानवर की गतिविधियों के कारण किसानों और पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सूरज ढलने के बाद खेतों में काम करने वाले किसानए मजदूर और पशुपालक हमले की आशंका से चिंतित हैं। चंदन सिंह चौहान ने वार्डपंच के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फोन पर घटना की जानकारी दी।

लगातार लैपर्ड की मौजूदगी और पशुओं पर हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में काम करने और पशुओं की रखवाली करने में भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और लैपर्ड को जल्द पकडने की मांग की है। मौके पर सरपंच सुनीता डामोर, सरपंच पति रमेश डामोर, दशरथसिंह चौहान, चंदनसिंह चौहान, गिरिराज सिंह चौहान और वार्ड पंच कीर्ति कलाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

सीकर, (निसं)। सीकर में 19 साल की युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवती के मंगेतर ने ही उसके साथ रेप किया। मां से नाराज होकर युवती दिल्ली चली गई। वहां पुलिस ने उससे पूछा तो युवती ने अपने साथ रेप होना बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 साल की युवती सीकर जिले की रहने वाली है। करीब एक साल पहले घरवालों ने उसकी सगाई पड़ोसी कस्बे के रहने वाले एक युवक से करवा दी थी। युवक ने अगस्त से अक्टूबर के बीच कई बार युवती के साथ घर जाकर रेप किया। युवती के विरोध करने पर वह बोलता कि अब तो शादी होने वाली है। हाल ही में किसी बात को लेकर युवती का अपनी मां से झगड़ा हो गया। ऐसे में युवती नाराज होकर ट्रेन में बैठकर दिल्ली चली गई। वह काफी देर तक स्टेशन पर घूमती मिली। ऐसे में वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की। तब उसने बताया कि मंगेतर ने ही उसके साथ रेप किया है। ऐसे में दिल्ली में जीरो नंबर की दर्ज हुई जो बाद में सीकर पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई। अब पुलिस ने मंगेतर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

25 बिना नंबर की एवं पावर बाइक जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)। पाटन थाना पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 25 बिना नंबरी एवं पावर बाइक जब्त की। थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि पंचायती राज चुनाव एवं त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह सुपरविजन एवं कुशलगढ़ वृताधिकारी विनोद कुमार के निकट पर्यवेक्षण में पाटन थाना पुलिस ने यह कार्यवाही की। पुलिस टीम में पाटन क्षेत्र के छोटी सरवा कस्बे में कार्यवाही कर 25 बिना नंबर की एवं पावर बाइक जब्त की।

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/अ.अ.-बी 1/2026-27/डी-216 दिनांक : 06.11.2026

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. जविप्रा/अधि.अभि.-बी-1/07/2026-27

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा **"Development of Parking under Khasakhothi Flyover & Hasanpura Flyover in Zone-B-1, JDA, Jaipur"** जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 112.71 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 21.11.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 21.11.2026 को सायं 6.00 बजे तक है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(UBN No.: JDA2627WSOB00409)

निविदा में भाग लेने वालों को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी।

1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजिकृत हो

राज.संवाद/सी/26/13099 अधिशाषी अभियन्ता-बी-1